## न्यूज गैलरी

### कुरूद घाटी में बस ने सवारी वाहन को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे यात्री




**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के कुरूद घाटी में विपरीत दिशा से आ रही बस ने सवारी वाहन को सीधी टक्कर मारी। जहाँ महुआडांड़ के शिव नगर से सवारी वाहन में सवार होकर श्रृध्दालू जा रहे थे टांगी नाथ बाबा धाम । इस क्रम में छत्तीसगढ़ से आ रही प्रिसं बाबरा बस और सवारी वाहन में कुरूद घाटी में टक्कर हो गई। जिससे सवारी वाहन में सवार महिलाएं एंव बच्चे बाल बाल बचे किसी भी यात्रीयों कोई चोट नहीं आयी। बता दें कि तीखा मोड़ में हॉर्न नहीं बजाना, सड़क किनारे साइन बोर्ड नहीं होने से अकसर घाटी में होते रहते सड़क दुर्घटना होती रहती है ।

### चोरी के आरोप में पांच युवकों को कटकमसांडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गली मुहल्लों से कटकमसांडी पुलिस ने चोरी के आरोप मे पांच युवकों को किया गिरफ्तार किया है,पुलिस युवकों को अपने साथ कटकमसांडी थाना ले गई ।मिली जानकारी के अनुसार कटकमसांडी थाना कांड सं० 176/22 दिनांक 02/11/22 भा द वि 389 के आलोक में कटकम सांडी पुलिस ने चंदवा पुलिस के साथ गुरुवार को अहले सुबह संयुक्त कार्रवाई करते हुए उपरोक्त वाद के प्राथमिक अभियुक्त फंटुस साव पिता बद्री साव सरोज नगर, मो इरसाद उर्फ सोनू पिता मिस्टर मियां डेम टोली चंदवा ,पोलिकर गुड़िया पिता जेम्स गुड़िया चिरो, केदार गंझू पिता लाली पाहन चिरो , मो रशीद पिता मो सफीक डेमटोला को कटकमसांडी पुलिस ने चंदवा पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया।

### नारायण सेवा समिति ने जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र किया वितरण

**बरवाडीह।** प्रखंड केड़ पंचायत के ग्राम बांग्ला टोला में नारायण सेवा समिति सतबरवा के द्वारा जरुरतमंदों को साड़ी, धोती, गर्म वस्त्र वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति द्वारा ग्रामीणों व जरूरतमंद लोगों के बीच में नियमित रूप से संग्रह कर वस्त्र वितरण करने का कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड के केड़ पंचायत के बांग्ला टोला में संस्था के संरक्षक निर्दोष कुमार द्वारा गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच बारी बारी से संग्रह किया हुआ पुराना कपड़ा वितरण किया गया। कार्यक्रम में निर्दोष कुमार ने कहा कि उनका यह कार्यक्रम नियमितरूप से जारी रहेगा। इस तरह के आयोजन से गरीब और जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना संस्था का मुख्य उद्देश है। उन्होंने कहां की गरीबों की सेवा करना एवं वस्त्र वितरण करना एकपुण्य का काम है ऐसे कामों में सभी की सहयोग की जरूरत है। मौके पर चंदू जी, बांग्ला टोला के महेश्वर भुईयां, सुनीत उराव, बसंती देवी, हरावन सिंह, कृष्णा भुईयां सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कौशल विकास के तहत रोजगार मेला का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा)।** गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत भवन में कौशल विकास के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में मुखिया बेबी देवी, पंचायत समिति सदस्य लालो साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। रोजगार मेला में 50 आवेदन प्राप्त हुआ। आवेदन के साथ अभ्यर्थियों ने फोटो, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की प्रति आवेदन के साथ जमा किया। रोजगार मेला में आये आवेदन में चयनित अभ्यर्थियों को कौशल विकास के तहत रांची में प्रशिक्षण दिया जायेगा। मेले में मुकेश कुमार साव, कौशल विकास सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्थानीय कामगारों ने आरकेटीसी-बीएलए पर लगाया उपेक्षा का अरोप

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना ोत्र अंतर्गत आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र में एक बार फिर से बड़े आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। स्थानीय बेरोजगार युवाओं व कामगारों की मांग को देखते हुए रैयत विस्थापित मोर्चा ने पिछले माह हीं आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के जीएम को पत्र लिखकर पांच-सूत्री मांगपत्र सौंपा था। जिसमें गैरमजरुआ जमीनों का सत्यापन गांव में हीं कैम्प लगाकर कराने, मैन्युअल लोडिंग, आउटसोर्सिंग ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय कामगारों का नियोजन, प्रतिनियोजन करने, विस्थापित-प्रभावित गांवों के जर्जर सड़कों की मरम्मति समेत कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी आरकेटीसी-बीएलए द्वारा कामगारों से 12 घंटे के जगह 8 घंटे काम लेने की मांग शामिल है। वहीं कामगारों का अरोप है कि कंपनी में अब भी 80 प्रतिशत बाहरी कामगार हैं जिनके सहयोग से स्थानीय कामगारों का कंपनी शोषण कर रही है। सूत्रों की मानें तो इस मामले पर सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण कोयलांचल में अंदर हीं अंदर बड़े आंदोलन की आग सुलग रही है।

### मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई



**लातेहार।** मनिका थाना प्रभारी शुभम कुमार के विदाई समारोह में प्रखंड के सैकड़ों लोग रहे उपस्थित। आज दिन गुरुवार को थाना प्रभारी का विदाई समारोह रखा गया। लोगों ने सौल और गुलदस्ते,बुके देकर सम्मानित किया। वही कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि थाना प्रभारी शुभम कुमार का 2 साल के कार्यकाल में कभी भी हम लोग को शिकायत का मौका नहीं मिला। लगातार लोगों के बीच में बने रहे। लोगों को समस्या का निपटारा बहुत अच्छे ढंग से किए। उनके कार्य को देखते हुए लोगों के आंखों में आंसू आ गई । उन्हें नम आंखों से विदाई किया गया। मौके में एसआई प्रदीप राय,एएसआई परमानंद सिंह,कॉन्ग्रेस अजा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष नरेश राम,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव,युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी,समेत कई लोग उपस्थित थे।

---

### खेलो झारखंड के तत्वावधान में विभिन्न प्रखंड़ों में खेल प्रतियोगिता आयोजित

# बच्चों के विकास के लिए खेलकूद जरूरी: मनोज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/गिद्धौर/कुंदा/मयूरहंड।** खेलो झारखंड के तत्वावधान में जिले के कुंदा, गिद्धौर, मयूरहंड आदि प्रखंड़ों में गुरुवार को प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन कर कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी दौड़ समेत अन्य खेल का आयोजन किया गया। कुंदा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं का समूह बनाकर कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद समेत विभिन्न तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुखिया मनोज साहू ने बच्चों को उत्साहवर्धन करने के साथ कहा की स्कूली स्तर पर बच्चों के बीच खेलो झारखंड प्रतियोगिता एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। कार्यक्रम में वार्डन इंदु भारती, समाजसेवी पृथ्वी गंझू, अनिता देवी समेत अन्य शामिल थे। वहीं गिद्धौर प्रखंड के जवाहर फुटबॉल मैदान में विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्लस 2 उच्च विद्यालय गिद्धौर के प्रधानध्यापक ब्रजेश सिंह सहित शिक्षकों ने विधिवत नारियल फोड़ व फिताकाटकर किया। जबकी मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत पंचायत सचिव सह समाजसेवी रामभरोस सिंह ने व्हिसिल बजाकर किया। प्रतियोगिता में राजकीय स्वामी विवेकानन्द मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द प्लस टू विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार, माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन के निदेशक विनय कुमार सिंह, पूर्व मुखिया ईश्वर पासवान, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, शिक्षक विजय कुमार, संत कुमार सिंह सहित प्रतिभागी आदि शामिल थे।

### मिजोरम से लाया गया चतरा के दो श्रमिकों का शव

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के मिजोरम राज्य के हनथियाल के मौदढ़ में पत्थर खदान में हुए हादसे में मृत दो श्रमिक का शव राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता के पहल पर गावं लाया गया। उक्त घटना में कई लोग मारे गए थे, जिसमें दो श्रमिक खेमलाल कुमार पिता मुरली महतो व ओमप्रकाश कुमार पिता दलचंद महतो ग्राम मानामात-जोरी खुर्द, थाना वशिष्ठनगर जोरी निवासी भी शामिल थे। मामला संज्ञान में आते ही राज्य के श्रम मंत्री श्री भोगता ने त्वरित कार्यवाही करते हुए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को श्रमिकों के शव को लाने और परिजनों को समुचित सरकारी लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया। उसके बाद मंत्री श्री भोगता के पहल पर 16 नवंबर को दोनों श्रमिकों के शव को कोलकत्ता एयरपोर्ट लाया गया। वहां से गुरुवार को एम्बुलेंस के द्वारा उनके पैतृक घर शव को पहुंचाया गया और परिजनों के द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं मंत्री श्री भोगता ने जिला श्रम अधीक्षक को भी सरकारी लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया है।

## सिमरिया बुनियादी विद्यालय में मना पुस्तकालय का स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय में गुरुवार को पुस्तकालय का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बन्हे मुखिया जीवन सिंह, पीरामिल फाउंडेशन के दीपांशी निगम, प्रधानाचार्य सिद्धेश्वर सिंह, शिक्षक मदन पाठक, मदन सिंह, बीआरसी वशिष्ठ नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उप मुखिया जीवन सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों से बच्चों के मानसिक स्तर में वृद्धि होगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में पहले से ही पुस्तकालय मौजूद था। पिरामिल फाउंडेशन के द्वारा पुस्तकालय को सुशोभित किया गया। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं केलिए भी बुक उपलब्ध करवाए गए हैं, जिसका उपयोग कर बच्चे बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों के शिक्षा स्तर में वृद्धि करने के लिए किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए अभिभावकों से भी बच्चों के प्रति सजग रहने की अपील की।

### चंदवा में पूर्व सीएम रघुवर दास का भव्य स्वागत, बोले-

# झूठे सपने दिखाकर महागठबंधन सरकार लोगों को ठगने का कार्य कर रही है: रघुवर



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** राज्य में महागठबंधन की सरकार प्रदेश की जनता को झूठे सपने दिखाकर ठगने का कार्य कर रही है। बीते तीन वर्ष में हेमंत सरकार ने लोगों को सिर्फ कोरे सपने ही दिखाए है। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को चंदवा के बोरसीदग मैदान में महागठबंधन की सरकार पर जमकर भड़ास निकालते हुए कही। श्री दास ने कहा कि अबुआ राज का सपना दिखाकर बबुआ मुख्यमंत्री बनकर पूरे झारखंड को लूटने बैठा है। यहां के आदिवासी भाई बहनों ने अंग्रेजों से जिस खनिज संपदा की लूट के विरुद्ध लड़ाई लड़ा था उसे हेमंत सोरेन और सोरेन परिवार लूटने में लगा हुआ है। जल्द ही झारखंड से भ्रष्टाचार,भूखमरी और भय खत्म होने वाला है। भाजपा की ताकत भाजपा के ऊजार्वान कार्यकर्ता हैं, उपस्थित भीड़ साबित करती है कि आने वाला समय में कार्यकर्ताओं का झारखंड में राज होगा। इससे पूर्व भाजपा नेता पूर्व विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में भाजपाइयों ने रघुवर दास का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मडंल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने शॉल ओढ़ाकर रघुवर दास का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मौके पर भाजपा नेत्री नीलम देवी, प्रवीण सिंह, चंदवा प्रखंड प्रमुख मनीषा उंराव, चंदवा पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि रोहित यादव,राजू उंराव, छोटू राजा, पंकज सिंह,बंशी यादव, लक्ष्मण कुशवाहा,लव सिंह, मनीष जायसवाल, प्रमोद कुमार, रितेश कुमार, बिनय कुमार रिक्की, दीपक निषाद, सुनील मुंडा, उमेश गंझु समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक सुनील कुमार सिंह को दी गई भावपूर्ण विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** गुरुवार को मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मध्य विद्यालय में कार्यरत सेवानिवृत शिक्षक सुनील कुमार सिंह को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह में सेवानिवृत पंचायत सचिव रामभरोस सिंह ने उन्हें बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री सिंह का शिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए स्वस्थ्य और सुखमय जीवन की मंगल कामना सभी ने की। ज्ञात हो कि श्री सिंह अविभाजित बिहार-झारखंड के अनट्रेंड शिक्षक के रूप में 17 अक्टूबर 1994 को प्रखंड के

> 1994 में पथरा मध्य विद्यालय में पहला योगदान दिये थे सुनील सिंह

पथरा मध्य विद्यालय में योगदान दिया था। तत्पश्चात इटखोरी प्रखंड के बघमुंडी और 2018 में राजकीय स्वामी विवेकानन्द मध्य विद्यालय मयूरहंड में योगदान दिया। अक्टूबर माह में शिक्षक के रूप में योगदान दिया था और 31 अक्टूबर 2022 में ही सेवानिवृत भी हुए। समारोह का संचालन विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य राकेश कुमार, शिक्षा निकेतन के निदेशक विनय कुमार सिंह, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय, व्यवसाई सह समाजसेवी रणधीर सिंह व कर्मी आदि उपस्थित थे।

### एनटीपीसी ने गरीबों के बीच ठंड से बचाव के लिए बांटे कंबल



**टंडवा (चतरा)।** सामुदायिक विकास कार्यक्रम (सीएसआर) के तहत नार्थ करनपुरा टंडवा ईकाई द्वारा टंडवा प्रखंड अंतर्गत नयपारम व दुंदुवा गांव में लगभग दो सौ असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बताया गया कि सीएसआर कार्यक्रम से आसपास के ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए प्रबंधन उनके हितों को विशेष ध्यान रखती है। मौके पर एनटीपीसी की ओर से डीजीएम एचआर धीरज गुप्ता, सीएसआर अधिकारी जीत सिंह संधू, कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा व वार्ड सदस्य आदि मौजूद थे।

### पेक्सा में 7 बकायेदारों का काटा गया बिजली कनेक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत बारिसाखी गांव में गुरुवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। कनीय अभियंता तरुण कुमार के निर्देश पर चलाए गए अभियान में पेक्सा गांव में 7 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया की 2 लाख 72 हजार 8 सौ 86 रुपये बकायेदारों पर बिजली बिल बकाया है। बकायेदारों को बगैर बिजली बिल जमा किए विद्युत जलाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की भी चेतावनी दी गई। अभियान में महावीर दांगी, विकास कुमार,संतोष कुमार निराला, पंकज कुमार सहित अन्य कर्मियों शामिल थे।

# अवैध रूप से बिजली जला रहे 10 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** विद्युत विभाग की टीम ने गुरुवार को पत्थलगडा प्रखंड के विभिन्न गांव में छापामारी अभियान चलाया। विभाग के एसडीओ रामनारायण पासवान और कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में बेलहर और नोनगांव में छापामारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली जला रहे 10 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। कनीय अभियंता ने पत्थलगडा थाना में आवेदन देकर नोनगांव के अर्जुन यादव, राजकुमार यादव, आमीर यादव, हरिनारायण साव, शिवकुमार साव, चंदन कुमार, सुखसागर साव, अरविंद राम, चौधरी साव और बेलहर के उज्जवल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं लोगों का कहना है कि विभाग ने एक आरा मशीन के साथ फर्नीचर दूकान व अन्य बड़े घरों में भी छापामारी अभियान चलाया और तार व अन्य सामग्री भी जब्त की। लेकिन उसपर कार्रवाई नहीं की गई।

### नप चुनाव में ओबीसी को आरक्षण समाप्त करने पर आजसू का धरना

# ओबीसी आरक्षण समाप्त करना घोर अन्याय : अमित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में आजसू पार्टी जिला कमेटी के द्वारा गुरुवार को आगामी नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित किए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के द्वारा किया गया जबकि संचालन जिला सचिव बीरेंद्र ठाकुर कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह व बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव केके मिश्रा उपस्थित थे।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में निकाय चुनाव कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है इसके तहत ओबीसी के लिए आरक्षित विभिन्न स्तर के पदों को समाप्त किया जा रहा है यानी चुनाव में ओबीसी को आरक्षण से वंचित किया जा रहा है इससे पिछड़ा वर्ग में भारी रोष है। पिछड़ा वर्ग के इस रोष से और प्रतिनिधित्व तथा भागीदारी के सवाल पर आजसू पार्टी लगातार आवाज उठाती रही है। जनता परेशान है और सरकार अपनी चोरी का हिसाब देने में व्यस्त है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद ओबीसी के साथ भेदभाव करते हुए जिले में निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रक्रिया पूरी की जा रही हैं आजसू पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपना मंतव्य दिया कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता नितेश पांडे, जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष बिजेंदर दास, सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष विनोद राम, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष राजा दुबे, कृष्णा सिंह, अभिजीत कुमार, मोहम्मद ईशा, जय प्रकाश कुमार, सूरज पासवान, महेंद्र सिंह,मिथिलेश यादव रीमा देवी चिंता देवी, प्रतिभा देवी, मीना देवी, उर्मिला देवी, सुलेखा देवी, आरती देवी, पूजा देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

### 20 सूत्री समिति की बैठक में अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा-

# विभागीय अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में लाएं सुधार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड बीस सूत्री कमेटी की पहली बैठक कमेटी के अध्यक्ष नसीम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई .कमेटी की पहली बैठक का उद्घाटन 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू समेत अन्य सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद अध्यक्ष श्री अंसारी द्वारा परिचय सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों के साथ-साथ सभी विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधियों के द्वारा बारी-बारी से परिचय दिया गया। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी के साथ-साथ कई अन्य विभाग के अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर अध्यक्ष नसीम अंसारी ने नाराजगी व्यक्त की साथ ही साथ उन्होंने नसीहत दी कि यह पहली बैठक है। इसलिए सिर्फ हिदायत दी जा रही है। अन्यथा आने वाली बैठकों में विभाग के द्वारा अगर सदन के सदस्यों की अनदेखी की जाएगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार को लिखने के बाध्य भी हो जाएंगे। बैठक के दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष द्वारा प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, बाल विकास विभाग ,विद्युत विभाग, वन विभाग, पीएचडी पेयजल स्वच्छता विभाग ,कल्याण समेत सभी विभागों की बारी-बारी से समीक्षा किया गया। साथ सभी विभागों की रिपोर्ट भी अगली बैठक में मांगी गई है।

**सितंबर माह का राशन वितरण करने का आदेश**

बैठक में हरा कार्ड धारियों का राशन नहीं वितरण की जाने का मामला उठाया गया जिसमें प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने कहा कि वर्तमान में सितंबर माह का राशन वितरण करने का आदेश दिया गया। आवंटन प्राप्त होते ही बाकी माह का राशन वितरण कियाजायेगा . बैठक में समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों से अन्य समस्याओं को रखा.20सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि बैठक निर्धारित किया गया कि20 सूत्री स्मृति की प्रत्येक बैठक हरेक माह आवश्यक रूप से बुलाई जाएगी। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है.बैठक में कमेटी के सदस्य सुनीता पाल, रानी सिंह, प्रिंस राज गुप्ता, शशि भूषण तिवारी, रंजीत कुमार राजू, आरती देवी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रंजन, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता विक्की देवल, कनीय अभियंता संजय कुमार ,मनरेगा,बीपीओ मनीष शर्मा समेत सभी विभागों के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## ग्रामसभा में 22 रैयतों को मुआवजा और नौकरी देने की हुई अनुशंसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमरांग कला मनवाटोंगरी के भूरैयतों द्वारा पिछले दिनों उपायुक्त को सौंपे गए पत्र के आलोक में गुरुवार को मनवाटोंगरी में ही ग्रामसभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सरीता कुमारी ने किया। जिसमें राजस्व कर्मियों ने भूरैयतों के मूल कागजातों की जांच करते हुए सीसीएल प्रबंधन से 22 रैयतों को मुआवजा व नौकरी देने की अनुशंसा की। वहीं अग्रिम तिथि निर्धारित कर शेष भूरैयतों के कागजातों का सत्यापन करने की बात कही गई। मौके पर जीएम एके सिंह, पीओ देवेन्द्र कुमार, सीआइ शंकर रविदास, अमीन दिलीप राम, पंसस राजेश चौधरी, रामावतार राम, बालेश्वर राम, मिट्ठु राम, अशोक राम, चुरामन राम, राकेश भुईयां समेत अन्य मौजूद थे।

# लंबे समय से सर्दी-जुकाम कर रहा है परेशान तो शहद के साथ खायें लहसुन



सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है। ऐसे में कई तरह के इंफेक्शन इस मौसम में फैलती है। खासकर सर्दियों में इम्यून सिस्टम बहुत बुरी तरह से प्रभावित होता है। यदि आप सर्दियों में इम्यून सिस्टम तो आपको अपनी डाइट का खास ध्यान रखना होगा। इस मौसम में सर्दी जुकाम और बुखार जैसी समस्याएं बहुत घेरती हैं। इन समस्याओं से राहत पाने के लिए बहुत लोग अदरक, काली मिर्च, तुलसी की चाय का सेवन करते हैं। इन सब के अलावा आप एक घरेलू नुस्खा ओर भी सर्दी की समस्याओं से राहत पाने के लिए कर सकते हैं।

## शहद और लहसुन

शहद और लहसुन का सेवन करने से कई समस्याओं से राहत मिलती है। शहद में एंटीबैक्टीरियल, एंटीबॉयोटिक, एंटीफंगल, एंटी संक्रमण गुण पाए जाते हैं जो सर्दी, जुकाम जैसी समस्याओं से राहत दिलवाने में मदद करते हैं। इसके अलावा लहसुन में एलिसिन और फाइबर पाया जाता है जो आपका वजन कम करने में मदद करता है।

## गले की खराश होगी दूर

यदि आपके गले में खराश हो रही है तो आप लहसुन और शहद का सेवन करके समस्या से राहत पा सकते हैं। इसके अलावा यह सूजन भी कम करने में मदद करता है। यह होम रेमेडी आपको गले की समस्याओं से राहत दिलवाने में मदद करता है।

## बढ़ते वजन को करे कंट्रोल

अगर आपका वजन बढ़ रहा है तो आप उस समस्या से राहत पाने के लिए लहुसन और शहद का सेवन कर सकते हैं। इस मिश्रण का सेवन करने से आपके शरीर में मौजूद अतिरिक्त चर्बी भी कम होती है। इसके अलावा यह मोटापे को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।

## इम्यूनिटी करे मजबूत

नियमित लहसुन और शहद का सेवन करने से आपका इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। शोध के अनुसार, रोजाना लहसुन और शहद का सेवन करने से आपके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

## दिल को रखे स्वस्थ

लहसुन और शहद का मिश्रण खाने से आपका दिल भी स्वस्थ रहता है। यह दिल की धमनियों में पाए जाने वाले फैट को बाहर निकलता है। इससे आपका रक्त संचार अच्छा होता है और ब्लॉकिज व ब्रेन स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है।

# सर्दी में ज़िद्दी खांसी से हैं परेशान तो अपनायें ये अचूक घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगी राहत

मौसम तेजी से बदल रहा है। ठंडक ने दस्तक दे दी है। मौसम बदलते समय इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। ऐसे में सर्दी, जुकाम और खांसी होना लाजिमी है। खासकर के सूखी खांसी बेहद खतरनाक होती है। खांसते-खांसते पूरे पेट में और पसलियों में दर्द होने लगता है। इससे बचने के लिए घर में कुछ घरेलू उपाय किए जा सकते हैं।



**शहद :** सूखी खांसी में शहद रामबाण इलाज है। यह न सिर्फ गले की खराश को दूर करता है बल्कि गले के इंफेक्शन को भी ठीक कर देता है। इसके लिए 2 चम्मच शहद को आधे गिलास गुनगुने पानी में मिलाएं और पिएं। रोजाना इस तरीके को अपनाने से सूखी खांसी में आराम मिलेगा। इसके अलावा नियमित रूप से गरम पानी में नमक मिलाकर गरारे करें।


**पीपल की गांठ :** पीपल की गांठ को भी सूखी खांसी में लाभकारी माना गया है। यह एक आजमाया हुआ नुस्खा है, जिससे सूखी खांसी को ठीक करने में मदद मिली है। इसके लिए एक पीपल की गांठ को पीस लें और उसे एक चम्मच शहद में मिलाकर खा लें। रोजाना ऐसा ही करें। इससे कुछ ही दिन में सूखी खांसी ठीक हो जाएगी।

**अदरक और नमक :** अदरक से भी सूखी खांसी में आराम मिलता है। इसके लिए अदरक की एक गांठ को कूटकर उसमें एक चुटकी नमक मिला लें और दाढ़ के नीचे दबा लें। उसका रस धीरे-धीरे मुंह के अंदर जाने दें। 5 मिनट तक उसे मुंह में रखें और फिर कुल्ला कर लें।

**मुलेठी की चाय :** मुलेठी का चाय पीने से भी सूखी खांसी में आराम मिलता है। इसे बनाने के लिए, दो बड़ी चम्मच मुलैठी की सूखी जड़ को एक मग में रखें और इस मग में उबलता हुआ पानी डालें। 10-15 मिनट तक भाप लगने दे। दिन में दो बार इसे लें।

**हल्दी वाला दूध :** हल्दी वाला दूध पीने से भी आराम मिलता है। इसके लिए 1 गिलास दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रोजाना पिएं। इसके अलावा भाप लेने से भी काफी फायदा होता है। इसके लिए गरम पानी लें और अपने सिर पर एक तौलिया डालकर गरम पानी के ऊपर मुंह ले जाकर भाप लें।

# नहीं पड़ेगी दवाईयों की जरुरत, लिवर को हैल्दी रखने के लिए खायें ये चीजें



स्वस्थ शरीर के लिए अच्छा खान-पान भी जरुरी है। कुछ गलत खाने का प्रभाव सीधा लिवर पर पड़ता है। गलत खाने से आपका लिवल सबसे पहले प्रभावित होता है। यह खाना पचाने, मेटाबॉलिजम स्तर को हाई रखने, विटामिन्स-मिनरल्स को स्टोर करने, रक्त में से टॉक्सिक चीजों को छानने में सहायता करता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, लिवर शरीर का ऐसा भाग है जो शरीर में किसी भी तरह का नुकसान होने पर अपने आप को खुद ही ठीक कर लेता है। यदि आप लिवर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन फूड्स का सेवन करें।

**ब्रोकली :** ब्रोकली का सेवन आप लिवर को हैल्दी रखने के लिए कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों के कारण यह नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज और लिवर में ट्यूमर जैसी बीमारियों से बचाव करता है। आप हल्की स्टीम करके, पकाके या फिर रॉ ब्रोकली का सेवन कर सकते हैं। इससे आपका लिवर स्वस्थ रहेगा।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन आप लिवर को स्वस्थ रखने के लिए कर सकते हैं। इनमें पाया जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट लीवर को फ्री रेडिकल्स से बचाने में सहायता करता है। खासकर पालक लिवर के लिए बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। आप हरी सब्जियां बनाकर या फिर सलाद के रुप में इनका सेवन कर सकते हैं। हरी सब्जियां लिवर में पाया जाने वाला कैमिकल्स न्यूट्रलाइज करने में भी सहायता करती हैं।

**चुकंदर :** चुकदंर का सेवन आप लिवर को स्वस्थ रखने के लिए कर सकते हैं। शोध के अनुसार, चुकंदर का जूस स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक माना जाता है। इसमें पाया जाना वाला एंटीऑक्सीडेंट्स लिवर को किसी में होने वाली सूजन कम करने में भी सहायता करता है।

**ब्रूसेल स्प्राउट्स :** ब्रूसेल स्प्राउट्स का सेवन आप लिवर को हैल्दी रखने के लिए कर सकते हैं। यह पाचन तंत्र को भी दुरुस्त बनाने में मदद करता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन्स और मिनरल्स कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलवाने में मदद करते हैं। ब्रूसेल स्प्राउट्स में ऐसे कई प्लांट बेस्ड कॉम्पोनेंट पाए जाते हैं जो लिवर की फंक्शनिंग सही करने में मदद करते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंजाइम लिवर को डिटॉक्स करने में भी सहायता करते हैं।

# बढ़ते वायु प्रदूषण से कैसे करें बचाव?

देश इस समय भयंकर वायु प्रदूषण से जूझ रहा है। हवा का स्तर बार-बार गंभीर श्रेणी में पहुंच रहा है और दिवाली के बाद वातावरण में लगातार बढ़ते प्रदूषण की वजह से आम जन मानस सांस से जुड़ी अनेक बीमारियों का सामना कर रहे हैं। वायु प्रदूषण दिल, फेफड़ों, किडनी आदि समस्यायों से जूझ रहे मरीजों के लिए जान लेवा साबित हो रहा है और बच्चों में भी सांस की अनेक बीमारियाँ देखने में आ रहीं है। वायु में प्रदूषण अनेक तरह से पैदा होता है। दिवाली में बड़े स्तर पर पटाखों की वजह से पूरे वातावरण की हवा जहरीली हो जाती है जिससे देश भर में प्रदूषण पर बहस छिड़ जाती है। लेकिन इसकी बजाय सड़कों पर चलने वाले वाहनों, खनन, तेज आंधी, ईंट भटों की चिमनियों, जनरेटर डीजल पम्प, वनों में आग एवं केमिकल उद्योगों से भी लगातार हवा जहरीली होती है। लेकिन इनका प्रभाव स्थानीय स्तर पर ही होता है। जिससे यह राष्ट्रीय बहस का हिस्सा नहीं बन पाते जबकि सेहत के लिए काफी हानिकारक साबित होते है।



## वायु प्रदूषण से उत्पन्न होने वाले रोग

**एलर्जी :** धूल ,धुआं, जहरीली गैसों एवं गंध से किसी को, किसी भी उम्र में असहिष्णुता संभव है। जो निम्नवत हैं।

**स्वसन तंत्र की एलर्जी :** एलर्जिकल कफ एंड कोराइजा, एलर्जिकल राइनाइटिस, बार-बार छींक आना नाक से पतला अथवा गाढ़ा पानी निकलना, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, इंफाइसेमा, एवं न्यूमोनिया इत्यादि।

**त्वचा संबंधी एलर्जी :** एलर्जीकल डमेर्टाइटिस, अर्टिकेरिया, एग्जिमा, त्वचा का सूखा, रूखा एवं धब्बेदार हो जाना, पानी भरे फफोले निकल आना, त्वचा और म्यूकस मेंब्रेन में दरारें पड़ जाना, एवं शोथ इत्यादि।

**पाचन संबंधी गड़बड़ियां :** बुखार के साथ उल्टी ,मिचली, पेट दर्द, दस्त लग जाना, भूख की कमी इत्यादि।

**न्यूरोलॉजिकल गड़बड़ियां :** जहरीली गैसों के कारण विभिन्न प्रकार की तंत्रिका तंत्र संबंधी गड़बड़ियां उत्पन्न हो जाती हैं जिनमें चक्कर आना, बेहोशी किसी एक अंग अथवा पूरे शरीर की लकवा ग्रस्तता, घ्राण एवं श्रवण शक्ति का समाप्त हो जाना, एवं सुस्ती बेचैनी इत्यादि।

**नेत्र संबंधी रोग :** आंखों में जलन एवं गड़न, कंजेक्टिवाइटिस, दूर अथवा नजदीक दृष्टि दोष,आंख से पानी निकलना, पलकों का सूज जाना , मोतियाबिंद एवं ग्लाकोमा इत्यादि।

# प्री मेच्योर बेबी में अंधेपन का बढ़ रहा है खतरा, बचाव के उपाय

यदि गर्भावस्था के 28 सप्ताह पूर्ण होने से पहले ही शिशु का जन्म हुआ है तो उस स्थिति में शिशु के आंतरिक अंग पूरी तरह से विकसित नहीं होते हैं और उसे अपने जीवन के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। इस स्थिति में जन्मा शिशु अत्यधिक कमजोर हो सकता है और उसे सांस लेने में बेहद कठिनाई भी हो सकती है। मां बनना हर औरत का सपना होता है लेकिन कई बार अंदरूनी कुछ ऐसे कारण हो जाते हैं जिससे कुछ बच्चों का जन्म 9 महीने से पहले ही हो जाता है जो अधिकतर मामलों मे देखा गया है कि बच्चें प्री मेच्योर होते हैं ऐसे बच्चें पूरी तरह विकसित ना होने के कारण बहुत सी बीमारियों का शिकार हो जाते है जैसे वजन कम होना, आँखो की रोशनी कम रह जाना। डॉक्टर ऐसे में मेडिकल प्रोसेस करके शरीर के वजन को सामान्य और विकसित करते हैं। इन्हीं में कुछ ऐसी प्रक्रियाएं भी होती हैं, जो इन प्रीमेच्योर बेबीज के अविकसित रेटिना को सपॉर्ट नहीं कर पातीं। इस स्थिति में बच्चे की आंखों में देखने की क्षमता नहीं आ पाती और उसमें अंधेपन का खतरा बढ़ जाता है।

**किसे कहते हैं प्री मेच्योर बर्थ :** यदि गर्भावस्था के 28 सप्ताह पूर्ण होने से पहले ही शिशु का जन्म हुआ है तो उस स्थिति में शिशु के आंतरिक अंग पूरी तरह से विकसित नहीं होते हैं और उसे अपने जीवन के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। इस स्थिति में जन्मा शिशु अत्यधिक कमजोर हो सकता है और उसे सांस लेने में बेहद कठिनाई भी हो सकती है।

**क्या कारण है प्रीमेच्योर बच्चें में अंधेपन का :** प्रीमेच्योर बर्थ के कारण बच्चों में अंधेपन का प्रमुख कारण आंख और रेटिना का सही ढंग से विकास न हो पाना है। शोध और अध्ययन कहते हैं कि गर्भ में शिशु की आंख और रेटिना का विकास गर्भावस्था के 20वें हफ्ते से 40वें हफ्ते के भीतर होता है। ऐसे में अगर 40 हफ्ते से पहले ही शिशु का जन्म हो जाता है, तो उसमें अंधेपन की समस्या का खतरा बढ़ जाता है।

## कैसे बचा जा सकता है इस समस्या से

**डॉक्टरी सलाह :** यदि आप गर्भवती हैं तो अपनी प्रेगनेंसी में आप कोई भी समस्या सामने आने पर उसे अनदेखा ना करें क्योंकि आपकी लापरवाही आपके बच्चे के विकास पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। इसलिए अपने डॉक्टर की सलाह समय समय पर लेते रहें और अपने बच्चें के अंगों का चेकअप भी करवाते रहें। क्योंकि ज्यादातर मामलों में यही देखा गया है कि छोटी छोटी बातों को अनदेखा किया जाता है।

**हेल्दी डाइट :** अपनी डाइट में हरी सबज़ियों का भरपूर इस्तेमाल करें जिससे आप और आपके होने वाले बच्चें के अंगों का विकास अच्छे तरीकें से हो पाए कोशिश करे कि बाहर का स्ट्रीट फूड ना खाएं केवल हेल्दी जाइट पर ही ध्यान दें।

**उचित व्यायाम :** गर्भवती महिलाओं के लिए ऐसे बहुत से योग होते हैं जिन्हें बिना किसी परेशानी के वह अपने घर पर भी कर सकती हैं लेकिन यह करने से पहले भी अपने डॉक्टर या योगा ट्रेनर से परामर्श जरूर कर लें कहीं आपको बाद में पछताना ना पड़े।

**डिस्क्लेमरः** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# एड़ी के दर्द से हैं परेशान तो रुटीन में करें ये एक्सरसाइज



ठंड के मौसम में बहुत से लोग एड़ी के दर्द से परेशान होते हैं। खासकर ठंड बढ़ने के साथ-साथ दर्द भी बढ़ता ही जाता है। इस दर्द से राहत पाने के लिए लोग कई तरीके भी इस्तेमाल करते हैं लेकिन आराम नहीं मिल पाता। परंतु आप कुछ आसान सी स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करके दर्द से राहत पा सकते हैं। यह एक्सरसाइज सूजन जकड़न और जोड़ों के दर्द से राहत दिलवाएंगे।

**हील रेज एक्सरसाइज :** इस एक्सरसाइज से आप दर्द से राहत पा सकते हैं। एक्सरसाइज करने के लिए आप पैर के पंजों के बल पर शरीर का भार रखें। इसके बाद एड़ी को ऊपर की ओर उठाते हुए शरीर को स्ट्रेच करें। इस एक्सरसाइज को आप सुबह उठने के बाद कर सकते हैं।

**फूट रेज :** फूट रेज के जरिए भी आप एड़ियों को ठीक कर सकते हैं। एक्सरसाइज करने के लिए एड़ी को जमीन पर रखें। इसके बाद एड़ी को जमीन पर सटाकर अपने पंजे को ऊपर की ओर स्ट्रेच करें। इस एक्सरसाइज को एक बार दोबारा दोहराइए आपको दर्द सा आराम मिलेगा।


**टो स्क्रंच एंड स्प्ले :** यदि आपको रोजाना एड़ी में दर्द रहता है तो आप सुबह उठने के बाद और बिस्तर से उतरने के बाद पैरों पर कोई भार न डालें। बिस्तर के किनारे पर पैरों को जमीन की ओर रखकर बैठ जाएं। इसके बाद अपनी उंगलियों को इस तरह करें कि पैर की उंगलियों से मुट्ठी बनाएं। अब मुट्ठी को खोल लें और अपनी उंगलियों को आगे की ओर स्ट्रेच करें। इसी एक्सरसाइज को 10-15 मिनट के लिए करें। आपको जल्दी ही दर्द से आराम मिलेगा।

**उष्ट्रासन :** आप उष्ट्रासन करके भी एड़ियों के दर्द से राहत पा सकते हैं। इस आसन में शरीर की मुद्रा ऊंट के सामान दिखती है इसलिए इसे उष्ट्रासन कहते हैं। उष्ट्रासन करने के लिए घुटनों के बल पर बैठें। इसके बाद घुटनों के ऊपर खड़े हो जाएं। शरीर को पीछे की ओर लेकर जाएं और हाथों से एड़ियों को छुएं। पेट को आगे की ओर खींचकर लंबी गहरी सांसे लें। उष्ट्रासन के जरिए आप दर्द से राहत पा सकते हैं।

**गोमुखासन :** आप गोमुखासन करके एड़ियों के दर्द से राहत पा सकते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले जमीन पर रखें। अब दाईं पैर के घुटने की ओर से मोड़कर बाई ओर ले जाएं। ऐसे ही बाईं पैर के घुटने को मोड़कर बाई ओर ले जाएं। बाईं हाथ को उठाते हुए कोहनी के मोड़कर पीछे लें। दाईं हाथ को कमर के यहां से पीछे ले जाए और बाईं हाथ को कमर के यहां से पीछे ले जाते हुए बाएं हाथ को पकड़ें। 20-30 सैकेंड तक इसी अवस्था में रहें।

# काली किशमिश के साथ दूध का ऐसे करें सेवन, बीमारियां हो जाएंगी छूमंतर

खट्टी मीठी नारंगी किशमिश तो आपने खूब खाई होगी, लेकिन क्या कभी काली किशमिश का स्वाद चखा है? अगर आपने काली किशमिश कभी नहीं खाई तो आप इसके फायदों से भी वाकिफ नहीं होंगे। दरअसल नारंगी किशमिश हरे अंगूरों और काली किशमिश काले अंगूरों से बनती है। काली किशमिश आम नारंगी किशमिश की तुलना में ये कहीं ज्यादा फायदेमंद होती है।



## ऐसे बनती है काली किशमिश

किशमिश बनाने के लिए अंगूर का इस्तेमाल होता है, लेकिन काली किशमिश के लिए आम अंगूर के बजाए काले अंगूर का इस्तेमाल किया जाता है। काली किशमिश को रातभर दूध में भिगोकर खाने से कई फायदे होते हैं।

## बैड कोलेस्ट्रोल की मात्रा होती है कम

इसके सेवन से बैड कोलेस्ट्रोल की मात्रा कम होती है। यह ब्लड में मौजूद फैट की मात्रा को भी कम करता है।आप समझ ही सकते हैं की शरीर के लिए कितना फेयदेमंद है क्योंकि आजकल लोगों की फूड हैबिट्स खराब हैं।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता

सर्दियों का मौसम आ गया है तो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता की कम हो गई है। काली किशमिश को दूध को पीने से शरीर की इम्यूनिटी को जबरदस्त बूस्ट मिलता है।

## निखारती है त्वचा

काली किशमिश में मौजूद होते हैं ऑक्सीडेंट्स त्वचा को निखारने का काम करती है औस कई तरीके के स्किन इंफेक्शन से भी बजाता है।

## हाई बीपी के मरीजों के लिए है फायदेमंद

पोटेशियम और फाइबर दोनों को ही हाई बीपी को नियंत्रित करने वाला माना जाता है। काली किशमिश इन दोनों चीजों से भरपूर होती है, इसलिए हाई बीपी के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। खून की कमी होती है पूरी।

# आज का राशिफल

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मेष राशि** : अपनी भावनाओं को वश में रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी। | **वृष राशि** : धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। कारोबार में सुधार होगा। | **मिथुन राशि** : आत्मविश्वास में कमी आयेगी। वाणी में सौम्यता रहेगी। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। | **कर्क राशि** : मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। |
| **सिंह राशि** : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। | **कन्या राशि** : कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। | **तुला राशि** : मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। कारोबार से धन की प्राप्ति होगी। | **वृश्चिक राशि** : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, परन्तु मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। |
| **धनु राशि** : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। | **मकर राशि** : आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार से धन की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन रहे हैं। | **कुंभ राशि** : भवन सुख में वृद्धि होगी। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में कुछ कठिनाइयों के बावजूद आय में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। | **मीन राशि** : मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ भी बढ़ेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। |

